उत्तर प्रदेश में प्रति व्यक्ति ऊर्जा खपत सिर्फ 629 यूनिट

चर्चा में क्यों?

2 अगस्त, 2023 को उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने बताया कि प्रदेश में प्रति व्यक्ति ऊर्जा की खपत बहुत कम 629 यूनिट प्रतिवर्ष है।

प्रमुख बिंदु

- सबसे कम खपत के मामले में बिहार ही उत्तर प्रदेश के बाद है, जबकि पूरे भारत का प्रति व्यक्ति ऊर्जा खपत औसत 1208 यूनिट प्रतिवर्ष है।
- उत्तर प्रदेश के आँकड़ों के अनुसार वर्ष 2017-18 में प्रति व्यक्ति ऊर्जा खपत 629 यूनिट प्रतिवर्ष थी, जो वर्ष 2018-19 में घटकर 606 हो गई। वर्ष 2019-20 में यह 629 यूनिट प्रतिवर्ष प्रति व्यक्ति पहुँच गई। इसके बाद की स्थिति के बारे में अभी घोषणा नहीं की गई है।
- प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि प्रदेश में प्रति व्यक्ति ऊर्जा की खपत बढ़ाने के लिये रोस्टर का दौर धीरे-धीरे समाप्त होगा, 24 घंटे विद्युत आपूर्ति के प्रयास किये जाएंगे।
- इस संबंध में उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि कई राज्यों में रोस्टर प्रणाली लागू ही नहीं है। यही वजह है कि वहाँ प्रति व्यक्ति प्रतिवर्ष ऊर्जा खपत अधिक है।

कुछ राज्यों में प्रति व्यक्ति खपत (वर्ष 2019-20)	
राज्य	**प्रति व्यक्ति खपत**
गुजरात	2388 यूनिट
हरियाणा	2229 यूनिट
पंजाब	2171 यूनिट
छत्तीसगढ़	2044 यूनिट
दिल्ली	1572 यूनिट
हिमाचल प्रदेश	1527 यूनिट
महाराष्ट्र	1418 यूनिट
राजस्थान	1317 यूनिट
मध्य प्रदेश	1086 यूनिट
उत्तर प्रदेश	629 यूनिट
बिहार	332 यूनिट
देश में औसत	**1208 यूनिट**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/per-capita-energy-consumption-in-u-p-is-only-629-units